एक नजर

जांच और कार्रवाई की मांग

बलरामपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर गरीब लाभार्थियों से अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने आरोप लगाया है कि पूर्व में डूडा विभाग बलरामपुर में कार्यरत राजन कुमार नगर क्षेत्र में लाभार्थियों से प्रति आवास 10 हजार रुपये और दूसरी व तीसरी किस्त जारी कराने के नाम पर 5-5 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं।डीपी सिंह बैस के अनुसार शिकायतें मिलने के बाद संबंधित कर्मचारी का स्थानांतरण वर्षों पूर्व उतरौला कर दिया गया था। इसके बावजूद आरोप है कि वह अभी भी बलरामपुर नगर क्षेत्र में आकर लाभार्थियों से धनराशि की मांग और वसूली कर रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन और डूडा विभाग के उच्चाधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। डीपी सिंह बैस ने नगर क्षेत्र के सभी लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि *प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्णत: नि:शुल्क है।* आवास की स्वीकृति, किस्त जारी कराने अथवा किसी भी अन्य प्रक्रिया के नाम पर किसी को भी एक रुपया न दें। यदि कोई व्यक्ति धनराशि की मांग करता है तो उसकी शिकायत तुरंत जिला प्रशासन या संबंधित विभाग के अधिकारियों से करें।

घने कोहरे ने ली पांच जिंदगियां, दो बाइकों की टक्कर में दो गंभीर घायल



बलरामपुर। थाना उतरौला क्षेत्र में घने कोहरे के कारण हुआ भीषण सड़क हादसा पांच परिवारों के लिए काल बन गया। 18 नवम्बर की देर रात करीब 11 बजे बलरामपुर-उतरौला मार्ग पर ग्राम अक्सीबड़हरा के पास दो मोटरसाइकिलोंकी आमने-सामने टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कोहरे के कारण दोनों बाइक सवार एक-दूसरे को देख नहीं सके और सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में कुछ पैदल व्यक्ति भी चपेट में आ गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही उतरौला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रेफर कर दिया गया है।घटना का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बलरामपुर भेज दिया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।मौके से पुलिस ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त दो मोटरसाइकिलें टीवीएस स्पोर्ट और टीवीएस राइडर, दो टूटे हुए हेलमेट और एक मृत बकरी बरामद की है।हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। एक साथ पांच मौतों से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने कोहरे के मौसम में रात में वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

भाजपा नेता वीरेंद्र वर्मा, जगह.जगह हुआ स्वागत



अम्बेडकरनगर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री वीरेंद्र वर्मा के पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को प्रथम बार आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जगह.जगह भव्य स्वागत किया। सैकड़ों वाहनों के लंबे काफिले के साथ जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल.मालाओं और पुष्पवर्षा के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान भाजपा के झंडों और नारों से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। वीरेंद्र वर्मा ने सबसे पहले शिवबाबा धाम पहुंचकर दर्शन.पूजन किया। पटेल नगर तिराहे पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा तथा कलेक्ट्रेट परिसर में डॉण् भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत टांडा बसखारी हंसवर और भूलेपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। जगह.जगह फूल.मालाओं से लादकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र वर्मा ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वह पिछड़े वर्ग के उत्थान और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के संकल्प के साथ संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

पेराई सत्र का शुभारंभ किया



महमूदाबाद (सीतापुर)। दि किसान सहकारी चीनीमिल महमूदाबाद के पेराई सत्र का शुभारम्भ विधायक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बाद विधि विधान से फीता काटकर किया। पूजन अर्चन के बाद अतिथियों ने डोंगें में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। विधायक व मिल के प्रधान प्रबंधक ने पहली तौल कराने वाले बैलगाड़ी व ट्रैक्टर-ट्राली लेकर आये किसानों का तिलक लगाकर माल्यार्पण करते हुए साफा व बाल्टी भेंटकर सम्मानित करने के साथ बैलों को गुड़ चना खिलाया। गुरूवार को दि किसान सहकारी चीनीमिल महमूदाबाद के नवीन पेराई सत्र का शुभारंभ विधायक आशा मौर्य, जीएम चीनीमिल अशोक कुमार, उपाध्यक्ष केके त्रिवेदी द्वारा संयुक्तरूप से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फीता काटकर किया गया। पंडित ध्रुव शास्त्री ने विधिवत पूजन-अर्चन करवाते हुए हवन कराया। इस दौरान बैलगाड़ी से तौल कराने आए सुकईपुर के अजय पाल और ट्रैक्टर-ट्राली से तौल कराने आए शाहिनपुर खेरिया के निवासी राजेश कुमार को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, माला पहनाकर, बाल्टी, अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। बैलों का तिलक कर गुड़ चना खिलाया गया। विधायक ने कंप्यूटरीकृत तौल कांटे का शुभारंभ करते हुए पहली तौल की पर्ची दोनों किसानों को दी। अतिथियों ने डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। जीएम ने अतिथियों का स्वागत किया।

मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर भाजपा की संगठनात्मक कार्यशाला

माधौगंज (हरदोई)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से संचालित मतदाता जोड़ो अभियान के तहत बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं हरदोई जिला प्रभारी कमलेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को अभियान की जिम्मेदारियां सौंपते हुए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया।विधायक आशीष सिंह आशू ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आनंद सैनी, रत्नेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, नितिन गुप्ता और आत्माराम पटेल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का पटका पहनाकर अभिनंदन किया। कमलेश मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और सूची की त्रुटियों को दुरुस्त कराएं।

फार्मेसी सप्ताह में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



खोड़ारे गोंडा। हकीकुल्लाह चौधरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह-2026 के अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावी विद्यार्थियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिह्न, पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा के साथ-साथ रचनात्मक एवं खेलकूद गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।बी.फार्मा में प्रथम वर्ष के संजय, द्वितीय वर्ष के जितेंद्र कुमार वर्मा और तृतीय वर्ष के अंशु पटेल को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। चतुर्थ वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सूरज प्रताप सिंह एवं रोशनी गौतम को पुरस्कृत किया गया। वहीं, समग्र शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए नजरान अख्तर को हकीकुल्लाह चौधरी मेमोरियल एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड-2026 प्रदान किया गया। लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण करने पर दुर्गेश वर्मा को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।डी.फार्मा में समग्र प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता सिंह को भी हकीकुल्लाह चौधरी मेमोरियल एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड-2026 से नवाजा गया। द्वितीय स्थान पर विनय कुमार और तृतीय स्थान पर मोहम्मद वसीम रहे। डी.फार्मा प्रथम वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंचल को सम्मानित किया गया।विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पेपर प्रेजेंटेशन में सदफ जावेद ने प्रथम और प्रतिभा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रतीक कुमार प्रथम, संजना जायसवाल द्वितीय तथा उस्मान खान तृतीय स्थान पर रहे। फार्मा क्विज में मोहम्मद मुस्तफीज, अल्तमश एवं प्रशांत की टीम-सी विजेता बनी। खेलकूद प्रतियोगिताओं में क्रिकेट का खिताब टीम-ए ने जीता, जबकि रस्साकशी में दिलीप वर्मा, अल्तमश, अंकित जायसवाल एवं मोहम्मद आसिफ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के चेयरमैन मोहम्मद कमाल चौधरी ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ सह-पाठ्यक्रम एवं रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

पीसीपीएनडीटी अधिनियम के उल्लंघन पर प्रशासन सख्त



अम्बेडकरनगर। जिले में कन्या भ्रुण हत्या पर प्रभावी अंकुश लगाने और प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण जैसी प्रतिबंधित गतिविधियों पर रोक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी अनुपालन पर जोर दिया है। जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार परीक्षण करते हुए पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय कक्ष में प्रसव पूर्व निदान तकनीक विनियमन एवं दुरुपयोग निवारण अधिनियम ;पीसीपीएनडीटीद्ध के तहत गठित जनपदीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन पंजीकरण तथा उनसे संबंधित विभिन्न प्रकार के प्राप्त आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई। नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डा.मनोज कुमार सिंह ने समिति के समक्ष प्राप्त आवेदनों का विवरण प्रस्तुत किया।ए जिसके बाद प्रत्येक प्रकरण का परीक्षण करते हुए उसके औचित्य एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप होने की समीक्षा की गई। समिति ने विचार .विमर्श के उपरांत विभिन्न आवेदनों पर नियमानुसार अनुमति एवं स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही कुछ आवेदनों को निरस्त करने तथा आवश्यक प्रकरणों में निर्णय लंबित रखते हुए निरीक्षण कराने का निर्णय लिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन में निर्धारित नियमों एवं मानकों की अनदेखी किसी भी दशा में बर्दाश्त न की जाए। अधिनियम के उद्देश्यों के अनुरूप निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए ताकि प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. पीएन यादव जिला चिकित्सालय की पैथोलॉजिस्ट डॉ. लता चौधरी अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा मनप्रीत सिंह सहित समिति के अन्य संबंधित अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कार डिवाइडर से टकराई,महिला की मौत

कुमारगंज .अयोध्या। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गाजियाबाद से बिहार के सिवान जा रही कार माइल स्टोन 84ण्70 के पास ट्रक की साइड लगने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बिहार के सिवान निवासी सुनील सिन्हा अपने परिवार के सदस्यों विकास कुमार सिन्हा शुभम सिन्हा और मां संध्या सिन्हा के साथ मारुति कार से गाजियाबाद से बिहार जा रहे थे। इसी दौरान पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक ने उनकी कार में साइड मार दी। इससे चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

शादी के छह माह बाद नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

गोंडा। खोड़ारे थाना क्षेत्र के अलीनगर स्थित तिवारीजोत गांव में गुरुवार को 22 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मायके पक्ष ने बेटी की मौत पर संदेह जताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है।बलरामपुर जिले के गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के टेढ़वा टप्पा बांक निवासी शीला देवी पत्नी बृजमोहन की पुत्री संजना देवी की शादी मई 2026 में खोड़ारे थाना क्षेत्र के अलीनगर तिवारीजोत निवासी आशीष कुमार पुत्र राम शब्द के साथ हुई थी।परिजनों के मुताबिक, गुरुवार 19 नवंबर की सुबह करीब सात बजे संजना के सास-ससुर ने फोन कर सूचना दी कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग बेटी की ससुराल पहुंचे। वहां संजना का शव फंदे से उतारकर कमरे में रखा मिला। इस पर परिजनों ने उसकी मौत को संदिग्ध बताते हुए पुलिस से जांच और पोस्टमार्टम कराने की मांग की।बताया जा रहा है कि शादी के कुछ समय बाद ही संजना का पति रोजगार के सिलसिले में बाहर चला गया था। वह गांव में अपने सास-ससुर के साथ रह रही थी। मायके पक्ष ने घटना से जुड़े सभी पहलुओं, विशेषकर मोबाइल फोन और अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की जांच कराने की मांग की है।थानाध्यक्ष तेज नारायण गुप्ता ने बताया कि पुलिस और फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

गौरा चौकी गोंडा। खोड़ारे थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव के तिवारी जोत में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके पक्ष ने मौत को संदिग्ध बताते हुए मामले की जांच की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। बलरामपुर जिले के गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के टेढ़वा टप्पा बांक निवासी शीला देवी पत्नी बृजमोहन ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में अपनी पुत्री संजना देवी की शादी मई 2026 में हिंदू रीति-रिवाज से आशीषकुमार पुत्र राम शब्द निवासी तिवारी जोत, ग्राम अलीनगर, थाना खोड़ारे, गोंडा के साथ की थी। शीला देवी के मुताबिक, गुरुवार सुबह उनकी बेटी के सास-ससुर ने फोन कर सूचना दी कि संजना ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। संजना का शव फंदे से उतारकर बेड पर लिटाया गया था। ऐसे में उन्हें बेटी की मौत संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

अयोध्या। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद विचार गोष्ठी में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने की। संचालन महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने किया। चेतनारायण सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन साहस दृढ़ इच्छा शक्ति और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है।

उन्होंने अपने नेतृत्व में अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए देश को नई दिशा दी। उनकी सेवाएं हमेशा याद की जाती रहेंगी।

अक्षय नवमी पर राममय हुआ श्रीराम जानकी मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं ने की सुख-शांति की प्रार्थना



रुपईडीहा, बहराइच। अक्षय नवमी के अवसर पर बुधवार को रुपईडीहा के श्रीराम जानकी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए महिला और पुरुष भक्तों का आना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और माता जानकी के दर्शन कर मंदिर की परिक्रमा की परिवार की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष से मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय बना रहा।बुधवार सुबह सात बजे से धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आरती और भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मंदिर की परिक्रमा की। पर्व को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर के महंत भगवान दास ने अक्षय नवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू धर्म में इस पर्व की मान्यता है कि आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है। श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख, समृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति होती है।महंत ने बताया कि श्रीराम जानकी मंदिर में अक्षय नवमी के अवसर पर परिक्रमा की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है।

प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार और निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के लिए नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से आर्थिक सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण अब तक जनसहयोग से ही कराया जा रहा है। सभी लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान दें, जिससे मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान किया जा सके। धार्मिक आयोजन का समापन श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर किया गया। इस दौरान सिद्धनाथ गुप्ता, निर्मल अग्रवाल, बबलू, यज्ञ सैनी, नरेश मित्तल, सीताराम अग्रवाल, पूरनमल अग्रवाल, रतन अग्रवाल, संजू, अनिल गुप्ता, विकास बंसल, जनार्दन अग्रवाल, श्रीचंद गुप्ता, रामनिवास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

लखनऊ के ठाकुरगंज स्थित अस्पताल परिसर से 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थाने में दर्ज लूट के मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी को कैसरगंज पुलिस और एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ठाकुरगंज स्थित कंबाइंड हॉस्पिटल में इलाज कराने पहुंचा था। मुखबिर की सूचना पर टीम ने अस्पताल परिसर में साइकिल स्टैंड के पास से उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाबा उर्फ प्रताप गोसाईं (60) पुत्र स्व. श्रीराम गोसाईं निवासी ग्राम कुम्भौरा, थाना करनैलगंज, जनपद गोंडा के रूप में हुई है। वह वर्तमान में लखनऊ के राजाजीपुरम स्थित न्यू कुमार पुरम में रह रहा था। बुधवार 18 नवंबर को दोपहर करीब 12रू55 बजे एसटीएफप्रयागराज और कैसरगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ कैसरगंज थाने में मुकदमा अपराध संख्या 98/2026 के तहत बीएनएस की धारा 304(2), 309(4), 317(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में मुकदमा दर्ज है। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर वांछित और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी कैसरगंज के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी लंबा है। खिलाफगोंडा, बहराइच, बाराबंकी और बलरामपुर समेत विभिन्न जनपदों के थानों में हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित करीब 40 मुकदमे दर्ज हैं। कई मामले वर्ष 1991 से लेकर 2025 तक के हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसटी एफ प्रयागराज के उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह, मोहम्मद हबीब सिद्दीकी सहित अन्य पुलिसकर्मी तथा कैसरगंज थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय, उपनिरीक्षक आलोक कुमार गौतम और पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की।

एक नजर

स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी प्रशिक्षण आयोजित, मातृ-शिशु देखभाल पर दिया गया जोर

श्रावस्ती। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया में भरथा कला सेक्टर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी संगिनियों के लिए प्रथम बैच का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया के अधीक्षक एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सिरसिया ने की। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बच्चों की वृद्धि की निगरानी, वृद्धि का सही तरीके से आकलन एवं चार्ट पर दर्ज करने, स्तनपान के महत्व और छह माह के बाद बच्चों को दिए जाने वाले ऊपरी आहार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही माताओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए कार्यकर्ताओं की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया।इस प्रशिक्षण का आयोजन यूनिसेफ और गोरखपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण का संचालन श्रावस्ती के एपीसी अनुराग सिंह, यूनिसेफ लखनऊ की शुभा तथा मंडल के एसपीसी रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। प्रशिक्षकों ने स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने और मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रही।

28 नवंबर को आयोजित होगा विशेष लोक अदालत

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के निर्देशन में दिनांक 28 नवंबर 2026 को जनपद न्यायालय परिसर, श्रावस्ती में लंबित मोटर वाहन अधिनियम (एम.वी. एक्ट) के चालानों एवं ई-चालानों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से ऐसे वाहन स्वामी एवं चालक, जिनके मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान लंबित हैं अथवा ई-चालान का निस्तारण अभी तक नहीं हुआ है, वे निर्धारित तिथि को जनपद न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर अपने लंबित चालानों का निस्तारण करा सकते हैं।

भिनगा नगर में होगा ब्लैक आउट मॉकड्रिल -जिलाधिकारी

श्रावस्ती। जनपद में नागरिक सुरक्षा संगठन की ओर से 22 नवंबर को सायं 6 बजे से 6.15 तक ब्लैक आउट मॉकड्रिल का आयोजन किया जायेगा। जिसके सम्बन्ध में आज जिलाधिकारी मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में सभी संबधित विभागों एवं संगठनों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे उपस्थित अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिकों को हवाई हमले से बचाव के लिए तैयार करने के उद्देश्य से ब्लैक आउट मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इस मॉकड्रिल मे ब्लैक आउट, फायर और मेडिकल इमरजेंसी की मॉकड्रिल का आयोजन किया जायेगा। उन्होने जनपद के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि मॉकड्रिल को सफल बनाने के लिए सायं 6.00 बजे से 6.15 तक अपने अपने घरों की मेन स्विच बंद करके घर के सुरक्षित स्थान पर शरण लें। सभी नागरिक अपने घरों मे प्राथमिक चिकित्सा किट रखने की आदत डालें। मॉकड्रिल के माध्यम से हमें युद्ध एवं आपात परिस्थितियों के लिए तैयार रहने मे मदद मिलेगी।बैठक का संचालन कर रहे अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) ललित कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तय जिम्मेदारियों को ससमय पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। नागरिक सुरक्षा के प्रभारी अधिकारी रवेंद्र कुमार को ब्लैक आउट मॉकड्रिल हेतु जागरुकता अभियान के संचालन के निर्देश दिये गये।

घने कोहरे में बस-ट्रक की भिड़ंत, पांच लोग घायल



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बढौली पड़ाव के निकट गुरुवार सुबह घने कोहरे के चलते रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार भी बस में टकरा गई। हादसे में तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि रोडवेज बस में सवार पांच लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारीके अनुसार, गुरुवार सुबह कैसरगंज से लखनऊ की ओर जा रही रोडवेज बस बढौली पड़ाव के पास पहुंची थी। इसी दौरान घने कोहरे के कारण बस की ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पीछे से आ रही कार भी बस में जा भिड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में रोडवेज बस चालक सलमान निवासी फखरपुर, रुस्तम निवासी लखनऊ, नसीर अहमद निवासी फखरपुर तथा सरवरी निवासी वैरी महेशपुर समेत पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज पहुंचाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवा दिया गया है। यातायात सुचारु रूप से संचालित कराया जा रहा है। हादसे की जांच की जा रही है।

जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बहराइच। महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में आज दिनांक 19 नवंबर 2026 को प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) संजय खत्री के मार्गदर्शन में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-गणना (मसम्दनउमतंजपवद) के संबंध में जागरूकता एवं जानकारी प्रदान करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री सुनील कुमार धन्वंता रहे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनगणना के महत्व, इसकी प्रक्रिया एवं स्व-गणना की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित एमबीबीएस एवं नर्सिंग संकाय के सदस्यों को जनगणना में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) संजय खत्री ने भी अपने संबोधन में जनगणना को राष्ट्र के विकास एवं भविष्य की योजनाओं के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से इसमें सहयोग करने की अपील की।

मासूम की हत्या का सनसनीखेज खुलासा, चचेरा चाचा गिरफ्तार

**हरदोई